तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 तीसरा स्थापना दिवस पर विशेष पूजा अर्चना



12 दूसरे चरण में 76.24 प्रतिशत मतदान, राजनांदगांव में सबसे अधिक वोटिंग



## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरी

**महासमुंद।** झलप के साप्ताहिक बाजार से मोबाइल चोरी होने की घटना सामने आई है। पटेवा पुलिस को प्रार्थी पालेश्वर डडसेना पिता लव कुमार (27) निवासी पथरी ने बताया कि अलग-अलग कंपनियों के 4 नग मोबाइल कीमत 52499 रुपए अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

### कंटेनर ने कार को मारी टक्कर

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में कसहीबाहरा के पास एक कंटेनर ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी मनीष पिता जयंत कुमार महापात्र (33) निवासी वार्ड 4 पिथौरा ने बताया कि कंटेनर क्रमांक एचआर 55 एएस 5908 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### बाइक की लाइट को लेकर विवाद, चाकू से किया वार

**महासमुंद।** बाइक की लाइट को अपर-डिपर करने की बात को लेकर हुए विवाद में चाकू से वार किए जाने का मामला सामने आया है। बसना पुलिस को प्रार्थी भुवनराम चौलिक पिता मोहर साय चौलिक (40) निवासी वार्ड 4 बसना ने बताया कि बाइक की लाइट को अपर-डिपर को लेकर हुए विवाद में आरोपी समद खान बसना ने गाली गलौज करते हुए उसके बेटे की छाती व बाएं पैर में चाकू से वारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत झिलमिला के होटल के सामने से पुलिस ने आरोपी रमेशसाहू पिता खीरसाय साहू (28) निवासी मुंधा के कब्जे से 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया है।

# दो माह का राशन पाने दो दिन शेष, दुकानों के चक्कर लगा रहे हितग्राही

## कहीं चावल का नहीं तो कहीं सर्वर डाउन की स्थिति में वंचित होने का भय व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों में मिलने वाली राशन के लिए भटकना पड़ रहा है। दो माह का चावल दिया जाना है। लेकिन, कहीं चावल नहीं होने तो कहीं सर्वर डाउन होने की समस्या बताई जा रही है। ऐसे में हितग्राहियों की बेचैनी बढ़ गई है और वे एक दुकान से दूसरी दुकान दौड़ लगानी पड़ रही है। महीना खत्म होने में केवल दो दिन शेष हैं और अभी भी कई सोसायटियों में एक माह का ही राशन है। राशन वितरण की स्थिति को देखते हुए हितग्राही भयभीत है कि कहीं वे एक माह के राशन से वंचित न हो जाएं।

जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में इस माह की शुरुआत से हर दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके बाद भी लगातार शिकायतें आ रही हैं कि लोगों को राशन नहीं मिल पाया है। जानकारी मिली कि इस बार दो माह का राशन मिलना है। कई राशन दुकानों में शुरुआत में हितग्राहियों को एक माह का ही राशन दिया गया और अब दूसरे माह का राशन दिया जा रहा है।

जबकि, बड़ी संख्या में हितग्राहियों को एक माह का ही राशन नहीं मिला है। हितग्राहियों की परेशानी को सुनने वाला नहीं है, कई जगह सोसायटी संचालकों की मर्जी चल रही है। अनेक पीडीएस संचालक अपनी दुकानों में ताला लगाए हुए हैं, जिसके चलते हितग्राहियों को राशन के लिए कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गुडरूपारा निवासी राम्हीन बाई निषाद, सेवती यादव आदि ने बताया कि मई माह का राशन के लिए वे कई दफा चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन, हर बार दुकान में ताला लटकता रहता है।

### अप्रैल का 99, मई का 93% उठाव

जिले के राशन दुकानदारों का कहना है कि चावल की सप्लाई महीने की 1-2 तारीख को पूरी हो जानी चाहिए। लेकिन दुकानों में अभी तक अप्रैल का स्टॉक 90 प्रतिशत के आसपास पहुंचा है। मई के स्टॉक की सप्लाई 87 फीसदी हो पाई है। इस वजह से राशन दुकानों के बाहर स्टॉक नहीं है की सूचना लिखनी पड़ रही है। चावल नहीं मिलने पर लोग नाराज होते हैं और दुकानदारों से विवाद करते हैं। इस वजह से दुकानों को बंद कर दिया गया है।



### कहीं टोकन दे रहे तो कहीं कार्ड जमा

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन के लिए पहुंच रहे हितग्राही दो- तीन बजे तक धैर्य रखकर अपनी बारी का इंतजार कर ले रहे हैं, लेकिन तीन बजे के बाद राशन मिलने की स्थिति को देखते हुए दूसरे दुकान के लिए दौड़ लगा रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि कुछ दुकान संचालक भीड़ को देखते हुए हितग्राहियों को टोकन दे रहे हैं। निश्चित संख्या में टोकन के बाद दूसरे दिन आने की बात कह रहे हैं। वहीं, कुछ दुकानदार राशन कार्ड जमा करा रहे हैं।

## अपराध: सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिजराभांठा का मामला

# निर्माणाधीन पीएम आवास को तोड़ने से मना करने पर की अधेड़ की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

निर्माणाधीन पीएम आवास को अपनी जमीन बताकर तोड़ रहे दो लोगों को मना करने वाले पड़ोसी को इस दखलअंदाजी की कीमत अपनी जान गवां कर अदा करनी पड़ी। विवाद के बीच आवेश में आकर दो लोगो ने एक अधेड़ के सिर पर गैंती से संघातिक वार किया जिससे गंभीर रुप से घायल अधेड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

मामला जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिजराभांठा का है। जहां गणपत बरिहा पिता नंदू बरिहा (55) द्वारा पीएम आवास के तहत निर्माणाधीन मकान को तोड़ने से मना करने पर पड़ोस में रहने वाले दो भाईयों ने







**गैंती से सिर पर किया जानलेवा हमला, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत**

अश्लील गाली गलौज करते हुए गैंती से सिर पर दे मारा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की बहू दीपांजलि बरिहा पति युवराज ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि ग्राम बिजराभांठा में उसके घर से लगा हुआ गांव के मुरली यादव व किरीत राम यादव का मकान है। ससुर गणपत बरिहा के चाचा जगत सिंह बरिहा के नाम से स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण निजी भूमि पर करवा रहे हैं। दीवार खड़ी हो चुकी है। शनिवार को मुरली यादव पिता शौकी लाल और किरीत यादव पिता शौकीलाल निर्माणाधीन स्थान को अपनी जमीन बताकर तोड़ने लगे। जिसे मेरे ससुर गनपत बरिहा ने मना किया तो दोनों उनसे गाली गलौच कर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके सामने ही मुरली यादव जान सहित मार दूंगा कहकर अपने हाथ में रखे गैंती से ससुर के सिर के पिछले हिस्से में वार कियाा जिससे गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा।

प्रार्थिया ने बताया कि वह डर के मारे भागकर सास सुरजाबाई को खेत बुलाने गई तथा सरपंच पति लालचंद अग्रवाल को घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद घायल ससुर को इलाज के लिए सरायपाली अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 302, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### खड़े हाईवा से टकराया ट्रक, चालक गंभीर रूप से घायल

**महासमुंद।** एनएच 353 में खड़ी हाईवा को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रक चालक स्टेयरिंग में फंस गया, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि चालक का एक पैर कट गया है। जिसे डॉयल 112 की मदद से पिथौरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उसका उपचार जारी है। पटेवा पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे डस्ट से भरी हाईवा क्रमांक सीजी 10 बीएस 6544 झलप पेट्रोल पंप के पास रोड किनारे खड़ी थी। इसी दौरान रायपुर की जा रही पश्चिम बंगाल पासिंग डब्लूबी 23 एफ 1695 अनियंत्रित होकर हाईवा को पीछे से ठोकर मार दिया। इससे ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर चिपट गया और स्टेयरिंग में ट्रक चालक फंस गया। उसे डॉयल 112 कर्मियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। निकालने के बाद देखा गया कि चालक का एक पैर पूरी तरह कुचल गया है।

## अंधड़-बारिश की संभावना...



**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर तीन दिनों तक अंधड़-बारिश की संभावना जताई जा रही है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बारिश के चलते भले ही चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन, सब्जियों तथा तिलहनी फसलों को इससे नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीते सप्ताहभर से अंचल में तेज गर्मी पड़ रही है। जिससे जनमानस परेशान हैं। ऐसे में बारिश से उन्हें राहत मिलेगी। बारिश से न केवल धान की खड़ी फसलों को नुकसान होगा बल्कि, अरहर, मूंग सहित मिलेट्स फसलों को भी क्षति पहुंचने की संभावना है। हालांकि, मौसम विज्ञानी बदलते मौसम का न केवल पूर्वानुमान लगा रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ दीपांशु मुखर्जी ने बताया कि आगामी 3 दिनों बारिश की संभावना है। इस बारिश से धान की खड़ी फसल, खेत में काट कर रखे गए धान सहित दलहनी फसलों को नुकसान होने की संभावना है।

## मारपीट की घटना के बाद अब रायपुर जेल में रहेंगे दोनों विचारधीन बंदी


**महासमुंद।** जिला जेल में विगत दिनों दो विचाराधीन बंदियों के बीच मारपीट की घटना के बाद अब दोनों रायपुर जेल में स्थानांतरित किए जाएंगे। जेल अधीक्षक ने दोनों बंदियों को अन्य स्थानांतरित करने न्यायालय में अपील की थी, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया गया है। ज्ञात हो कि जिला जेल के बैरक नंबर पांच में मंगलवार शाम विचाराधीन बंदियों को खाना दिया गया। इस दौरान कनेकेरा निवासी इंद्रकुमार (26) और सियाराम (21) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों एक-दूसरे पर थाली, गिलास से हमला करने लगे। जेल प्रशासन ने दोनों इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जेलर उत्तम कुमार पटेल ने बताया कि सियाराम को प्राथमिक उपचार के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं इंद्रकुमार को रायपुर रेफर किया गया। सियाराम को तीन और इंद्रकुमार को चार टांके लगाए गए। पटेल ने बताया कि दोनों बंदी धारा 307 के मामले में यहां बंदी थे। एक-दूसरे पर आरोप लगाने के चलते दोनों में विवाद के बाद मारपीट हुई थी।

# जिले की सीमा के आसपास फिर विचरण कर रहा दंतैल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद-बलौदाबाजार सीमा में विचरण कर रहा दंतैल एक बार फिर जिले की सीमा के करीब आ गया है। जिससे सीमावर्ती गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। तीन दिन पहले ही दंतैल जिले की सीमा से दूर चला गया था। यह दंतैल लगातार बलौदाबाजार और महासमुंद की सीमा के आसपास ही विचरण कर रहा है।

बता दें कि सप्ताहभर पहले दंतैल बलौदाबाजार से विचरण



करते हुए महासमुंद वनमंडल में प्रवेश किया था। जिले के सिरपुर क्षेत्र के करीब दर्जनभर गांवों में अलर्ट जारी किया गया। दूसरे दिन दंतैल वापस बलौदाबाजार वनमंडल की ओर चला गया। इससे क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली। अब फिर से एक बार दंतैल के जिले की ओर आने की संभावना जताई जा रही है। वन विभाग के अनुसार शनिवार को एक हाथी बलौदाबाजार वनमंडल क्षेत्र के वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 119, 137, 134 के जंगल में विचरण कर रहा था। हाथी के आगे बढ़ने की दिशा को देखते हुए वन विभाग ने संभावना जताई है कि वह महासमुंद वनमंडल में प्रवेश कर सकता है। इसलिए सीमावर्ती गांव पासिद, चुहरी, बोरिद, अमलोर, नांदबारू, सुकुलबाय, केशलडीह को अलर्ट किया गया है।

# शादी व मांगलिक कार्यों पर लगा लंबा ब्रेक, बाजार पड़ा मंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शादी-विवाह समारोह पर ज्योतिष गणना के अनुसार लंबा ब्रेक लग गया है। आगामी 73 दिनों के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं है। बताया जाता है कि शुक्र और गुरु ग्रह के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्य पर विराम लग गया है। आगामी 10 जुलाई तक शादी विवाह व मांगलिक कार्यों के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं होने से तमाम गतिविधियों पर विराम सा लग गया है। इसका सीधा असर बाजार में दिखने लगा है। दिनभर ग्राहकों से गुलजार रहने वाले बाजार में इन दिनों भीड़ सिटम गई है। यह पहला मौका है जब मई और जून में शादी की गूंज थम सी गई है। इसके कारण संपूर्ण बाजार में जो चहल-पहल का वातावरण बन रहा था, वह थम गया है। शहर के ज्वेलर्स, इंटरप्राईजेस, कपड़ा दुकान, बर्तन भंडार के अलावा अन्य सभी उपभोक्ता एवं विलासता की वस्तुओं के दुकानों में आपाधापी



का जो माहौल था, वह कमजोर पड़ गया है। अब लोग अगले विवाह मुहूर्त 11 जुलाई के इंतजार में हैं। जुलाई महीने में शादी विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों के लिए 11, 12, 14, 21, 22, 23, 27 व 31 जुलाई को मुहूर्त है। जिसमें तमाम मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो सकेंगे। ज्योतिष मान्यता है कि शुक्र ग्रह व गुरु ग्रह को दाम्पत्य जीवन से जोड़कर देखा जाता है। चूंकि, दोनों ग्रह अस्त हो रहे हैं, इसलिए शादी-विवाह करना बेहद अशुभ माना जाता है। गुरु ग्रह को वैवाहिक सुख का कारक माना गया है। शादी-विवाह के साथ साथ जनेउ संस्कार, मुंडन संस्कार, सगाई समारोह व गृह प्रवेश भी गुरु शुक्र के अस्त होने के कारण रूक गया है।

### व्यापार में दिखने लगा असर

शादी-ब्याह में लंबे ब्रेक के कारण बाजार भी सुनसान है। भीड़-भाड़ से सराबोर रहने वाले बाजार में इन दिनों में ग्राहकों की भीड़ थम गई है। गोलछा साड़ी के संचालक ललितांग गोलछा व मनीष गोलछा ने बताया कि शादी विवाह व मांगलिक कार्यक्रम के लिए शुभ मुहूर्त नहीं होने का सीधा असर बाजार में दिखने लगा है। मार्केट मंदा है और ग्राहकी शादी ब्याह के सीजन के बावजूद घट गई है।

### 10 मई को अक्षय तृतीया

जानकारी के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि आरंभ 10 मई 2024 को सुबह 4 बजकर 17 मिनट से लेकर अगले दिन यानि 11 मई 2024 को सुबह 2 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। वहीं अक्षय तृतीया की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 10 मई को सुबह 5 बजकर 33 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा।

## माशिमं के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर प्राप्त कर पाएंगे परामर्श

# परिणाम से पहले छात्रों को अवसाद में जाने से बचाने नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बोर्ड परिक्षाओं के परिणाम आने से पहले बच्चों को डिप्रेशन में जाने से रोकने और गलत कदम उठाए जाने को लेकर सजगता दिखाते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस वर्ष नई पहल की है। जिसके तहत बच्चों को तनाव और परिणाम के बाद नकारात्मक मानसिकता से दूर रखने टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। 1 से 15 मई सुबह 10:30 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क परामर्श लिया जा सकेगा। प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में बताया गया कि आने वाले समय में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन, कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक





शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर परामर्श प्राप्त कर पाएंगे।

### अनावश्यक दबाव न बनाएं

परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जनजागरण एवं सकारात्मक महौल, बच्चों एवं पालकों के मध्य लाया जाए, जिससे पालक, बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दी जाए। इसके लिए यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचाना है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है।

### शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों का लेंगे सहयोग

इस काम में बोर्ड कक्षाओं के शिक्षकों, पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं ऐसे शासकीय अमले का सहयोग लिया जाएगा, जो स्वेच्छा से शामिल होना चाहेंगे। इसके साथ ही चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक, चिकित्सकों, कैरियर सलाहकार और एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

### ये लक्षण दिखने पर हो जाएं सजग

तनावग्रस्त बच्चों में पहले से भी कुछ लक्षण दिखने लगते है, जैसे मौन और अकेले रहना, गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना शामिल है। इन तथ्यों के आधार पर बच्चों की समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।

### गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, घर में लगी भीषण आग

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में बीती रात को खाना बनाते समय गैस सिलेण्डर के ब्लास्ट होने से घर में भीषण आग लग गई। इससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। लेकिन, पूरा घर आग की चपेट में आ गया। जानकारी के मुताबिक सिंघनपुर निवासी हरि साहू के घर में बीती रात को खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान गैस सिलेण्डर में ब्लास्ट हो गया और तेजी से आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर में मौजूद परिवार आग लगते ही गली की ओर दौड़कर अपनी जान बचाए। बाद मौके पर दमकल वाहन द्वारा आग पर काबू पाया गया। जब तक घर में रखे सभी सामान जलकर खाख हो गया।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### व्यापारी संघ ने फुटपाथ बाजार हटाने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** मालवीय रोड व्यापारी संघ ने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने मालवीय रोड पर ट्रैफिक समस्या की वजह फुटपाथ बाजार को बताया है। व्यापारियों का कहना है कि मालवीय रोड पर फुटपाथ की दुकानों के कारण जगह-जगह हाथ ठेले व ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। इसके कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनती है। उन्होंने ज्ञापन के जरिए फुटपाथ बाजार को बैन करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संघ के तरल मोदी और राजेश वासवानी, राकेश अग्रवाल, राजेश विधानी, भरत प्रधनानी, सुरेश जादवानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने शनिवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला भाटागांव, शासकीय प्राथमिक शाला चांगोराभाठा, पंडित सुंदरलाल शर्मा उत्तर माध्यमिक शाला लाखे नगर, डा. अनिरुद्ध सिंह प्राथमिक शाला कुशालपुर, पटेल विद्या मंदिर महाराजगंज तालाब, शासकीय राधा भाई नवीन कन्या महाविद्यालय मठपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संतोषी नगर आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां बुनियादी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 5 से अधिक बूथ वाले मतदान केंद्रों में आवाजाही, लाइट, पंखा, पेयजल, टॉयलेट इत्यादि चीजों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को कतार में खड़े रहने के बजाए बैठने के लिए बैंच रखने तथा सुरक्षा के इंतजाम व्यवस्था पुख्ता करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एसडीएम नंदकुमार चौबे समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार में साहस हो तो झीरम की भी सीबीआई जांच करवाए

**रायपुर।** बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा को अपनी पुलिस पर भरोसा नहीं है या अपने शासन प्रणाली पर भरोसा नहीं है, जो सीबीआई जांच करवा रही है। क्या पुलिस इस मामले की जांच करने में सक्षम नहीं है या साय सरकार का शासन तंत्र कमजोर है। उन्होंने कहा, जब सीबीआई जांच कराने की बात हो ही रही है, भाजपा में साहस हो, तो वह झीरम मामले की सीबीआई जांच करवाये। एनआईए झीरम मामले पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भूपेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी को जांच नहीं करने दिया गया, न्यायिक जांच भी अधूरी है। ऐसे में झीरम मामले की भी सीबीआई जांच होनी चाहिये।

# प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ इस बार जून से हो पाएगा लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिजली का नया टैरिफ इस बार तय समय एक अप्रैल से लागू नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव के कारण नया टैरिफ इस बार चुनाव के नतीजे आने के बाद जून में ही जारी होगा। इसके पहले भी एक बार 2014 में लोकसभा चुनाव के कारण जून और एक बार 2021 में अगस्त में नया टैरिफ जारी हुआ था। नए टैरिफ के लिए मार्च में जनसुनवाई हो चुकी है। अब नए टैरिफ की सारी प्रक्रिया को पूरा करने का काम नियामक आयोग में चल रहा है। इसमें भी समय लगेगा। वैसे प्रदेश के करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो यह बड़ी राहत की बात है कि उनको नए सत्र में महंगी बिजली का झटका नहीं लगेगा, लेकिन बाकी वर्ग को महंगी बिजली का करंट जरूर लगना तय है।

पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें उसको नए सत्र में 36 सौ करोड़ का फायदा तो हो रहा है, लेकिन पुराना घाटा 7775 करोड़ का होने के कारण कंपनी ने आयोग को घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर बाकी वर्ग में घाटे की पूर्ति के लिए टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है। ऐसे में तय है कि बाकी वर्ग के लिए नए सत्र में बिजली महंगी हो जाएगी। अब नियामक आयोग अंतर की जो राशि मंजूर करेगा, उसके हिसाब से ही टैरिफ में बदलाव होगा।

## जनसुनवाई हो चुकी है, लेखा-जोखा देखने का चल रहा है नियामक आयोग में काम

### कमाई से ज्यादा घाटा

पॉवर कंपनी ने 2024-25 के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें पॉवर कंपनी ने जहां अपना खर्च 1799.46 करोड़ बताया है, वहीं कमाई 21616.77 करोड़ बताई है। ऐसे में 3626.31 करोड़ का फायदा हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराना घाटा बहुत ज्यादा है। जहां पहले का घाटा करीब 4848.91 करोड़ का है वहीं पिछले सत्र में बताया गया 2924.53 करोड़ का भी घाटा है। कुल मिलाकर 8046.66 करोड़ का घाटा है। इसमें 3626.31 करोड़ की कमाई को कम करने के बाद भी 4420.35 करोड़ की कमी हो रही है।



### आयोग तय करेगा टैरिफ

आयोग के पास याचिका लगने के बाद अब आयोग पहले वितरण कंपनी के साथ ही उत्पादन और ट्रांसमिशन कंपनी का भी पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि कंपनी को वास्तव में खर्च के लिए कितने राजस्व की जरूरत है और उसको वास्तव में बिजली बेचने के कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पुराना घाटा कम करने के बाद वास्तव में उसकी पूर्ति के लिए कितने अतिरिक्त राजस्व की जरूरत पड़ेगी। इसमें आयोग अंतर की राशि की पूर्ति के लिए तय करेगा किस वर्ग के टैरिफ में कितना इजाफा होगा। आयोग पुराने घाटे को एक के स्थान पर इससे ज्यादा बार में भी पूरा करने का फैसला कर सकता है। ऐसा होने से टैरिफ में कम इजाफा होगा।

## सरकार ने ईवी को प्रदेश में बढ़ावा देने की पहल, बजट कम पड़ने से ऐसा हाल

# 60 हजार इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों की अटकी सब्सिडी, 80 करोड़ से ज्यादा भुगतान भी फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ने के लिए सब्सिडी देने की योजना सरकार ने बनाई। साथ ही सब्सिडी देने का दावा भी किया। इससे लोगों ने ईवी वाहनों की खरीदी में रुचि ली। अब 60 हजार से ज्यादा गाड़ी मालिकों को सब्सिडी के लिए विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। भुगतान फंसने की समस्या इन दिनों प्रदेशभर में है। 80 करोड़ से ज्यादा का भुगतान भी वाहन मालिकों का अटका है। इसके लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीदी- बिक्री इतनी बढ़ गई है कि अब परिवहन विभाग को प्रमोशन के लिए सब्सिडी देने के लिए शासन से मिलने वाला बजट भी कम पड़ने लगा है। मामले की विभागिय सूत्रों से जानकारी जुटाने पर पता चला है कि प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों की सब्सिडी भी फंसी हुई है। पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दाम और इन वाहनों से बढ़ने वाले प्रदूषण को कम करने और लोगों को महंगाई से राहत के लिए इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां तो खरीदी, लेकिन सब्सिडी की उम्मीद कम भी टूटने लगी है। ऐसे हालात इसलिए बन रहे, क्योंकि सब्सिडी की आस लगाए लोगों ने पुरानी गाड़ियां तो बदली पर राहत देने के लिए तय राशि विगत 10 महीने से अटकी हुई है।

खास खबर



### पांच साल के लिए बनी पॉलिसी

*पूर्व सरकार ने ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की है। इसके तहत अधिकतम सब्सिडी वाहनों के मूल्य का 10 प्रतिशत या डेढ़ लाख रुपए की राशि शामिल हैं। इसे गाड़ी मालिकों के खाते में ट्रांसफर करने का प्रावधान हैं। यह नीति अप्रैल 2022 को पांच वर्ष के लिए लागू किया गया है। इसके साथ ही रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देते हुए बैटरी के लिए रिसाइकिल इकोसिस्टम है। सार्वजनिक परिवहनों में* इलेक्ट्रिक *बसों के उपयोग को बढ़ाने ईवी निर्माताओं को प्रोत्साहन देते हुए उद्योग को भी बढ़ावा देने का प्रावधान है।*

### बजट मांगने भेजा गया प्रस्ताव

इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री ज्यादा होने से परिवहन विभाग का बजट कम पड़ गया। सब्सिडी देने के लिए बैठक करके लिए गए निर्णय से शासन को अवगत कराया गया है। इसके साथ ही बजट-सत्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

*- आरपी पांडेय*
*उप सचिव*
*परिवहन विभाग*

### दबाव बढ़ने से की गई मीटिंग

मामले की पड़ताल में पता चला कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के बाद लोगों ने सब्सिडी के लिए दावेदारी शुरु की। इसे देखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने समस्या का समाधान निकालने के लिए एक बार बैठक भी किया है। इसमें प्रदेश के 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों को ई-व्हीकल व वाहनों की खरीदी पर 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक की सब्सिडी नहीं मिल पाई है। राज्य में ई-व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की गई। बजट कम पड़ने से समस्या की वजह बनने लगी है।

### 7656 को ही दे पाए सब्सिडी

सब्सिडी वाहन मालिकों के खाते में भेजी जाती है। प्रदेश में आखिरी बार विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने के पहले जुलाई महीने में राशि जारी की गई। विभाग ने भी प्रदेशभर में अब तक 7,656 वाहन मालिकों को 14 करोड़ 29 लाख रुपए का भुगतान किया है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रिक व्हीकल की सब्सिडी देने वर्ष 2022-23 में 15 करोड़ का बजट मिला था। लेकिन एक वर्ष के भीतर प्रदेश में रिकार्ड गाड़ियों की बिक्री हुई। सब्सिडी का यह आंकड़ा बढ़कर 80 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पहुंच गया है।

## हलाकान करेगी मई की गर्मी, रास्ता बदलकर आएगी निचले स्तर पर गर्म हवा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में आने वाली निचले स्तर की हवा की दिशा बदलने से मई के दूसरे दिन से ही गर्मी परेशान करेगी। अनुमान है कि दो मई के बाद रायपुर समेत प्रदेश का तापमान तेजी से बढ़ेगा। अभी दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद चक्रवाती घेरा के असर से हल्के बादल छाए हुए हैं, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अप्रैल में गर्मी का महीने उतार-चढ़ाव के साथ बीत गया। माना जा रहा है कि मई के शुरुआती दिनों में गर्मी अपना असर दिखाएगी। इस दौरान उत्तर-पश्चिम की हवा का प्रवेश होगा जो सामान्यतः गर्म होगी। इसके प्रभाव से 40 से 42 तापमान के बीच घूमने वाला पारा उछलकर 43-44 डिग्री तक पहुंचेगा। शनिवार को शहर में सुबह के वक्त बादल की वजह से गर्मी विलंब से महसूस हुई। इस दौरान तापमान भी तेजी से ऊपर की ओर नहीं चढ़ सका और 40.5 डिग्री पर जाकर अटक गया। अगले चौबीस घंटे में इसमें थोड़ी और गिरावट आने के आसार हैं। इसके बाद सिस्टम के कमजोर होने से तापमान पुनः बढोतरी की ओर अग्रसर होगा।

■ **सुबह बादल से तापमान में थोड़ी गिरावट, आज भी असर**

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान के ऊपर विस्तारित है। एक चक्रवाती घेरा दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन जारी है, जिससे एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

## रीचार्ज न कराने पर रायपुर से ही कट हो जाएगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बस्तर के किसी दूर के गांव का कोई उपभोक्ता हो या फिर सरगुजा के किसी भी शहर का उपभोक्ता अगर उसने बिजली लेने के लिए स्मार्ट मीटर लगने के बाद अपना रीचार्ज नहीं कराया तो रायपुर से ही उसकी बिजली कट हो जाएगी। रायपुर के गुढ़ियारी में स्मार्ट मीटर का कंट्रोलरूम रहेगा।

प्रदेश के उपभोक्ताओं को आने वाले समय में प्रीपैड स्मार्ट मीटर लगने पर बिजली मिलेगी। इसके लिए रीचार्ज कराना होगा। इसके लिए राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में कंट्रोलरूम बनाया जाएगा। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम दो कंपनियों को मिला है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी कर रही है, बाकी का काम जीनस कंपनी को मिला है। इस साल से ही प्रदेश से सभी वर्गों के उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाकर सभी कनेक्शनों को पोस्टपैड से प्रीपैड किया जाएगा। अभी तो पहले चरण में सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांशफार्मरों मीटर लग रहे हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं का नंबर आएगा। उपभोक्ताओं के कनेक्शन जब बदलेंगे और स्मार्ट मीटर लगेंगे, तो पहले रीचार्ज करने पर ही बिजली मिलेगी।

### रीचार्ज समाप्त होने से पहले आएगा मैसेज

कंट्रोलरूम में बैठकर ही पूरी जानकारी हो जाएगी कि किस उपभोक्ता ने रीचार्ज कराया है और किस ने नहीं कराया है। रीचार्ज न कराने वालों की बिजली यहां पर बैठकर कट कर दी जाएगी। रीचार्ज समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं को मोबाइल फोन की तर्ज पर ही लगातार मैसेज जाएगा कि उसका रीचार्ज समाप्त हो रहा है, रीचार्ज करा लें नहीं तो बिजली कट हो जाएगी।

## शिवप्रकाश ने पांच लोकसभा के लिए बनाई चुनावी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने दो दिनों तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पांच लोकसभाओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति तैयार की है।

अब सभी को तीसरे चरण की सात सीटों पर पूरी ताकत झोंकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ दो चरणों के चुनाव के बारे में भी पूरी जानकारी ली। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का संगठन हर स्तर पर काम कर रहा है। एक तरफ जहां लगातार सभाओं का दौर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बैठकों का दौर भी चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी यहां पर रूककर बैठक लेकर चुनावी रणनीति बना चुके हैं। अब भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने भी दो दिनों तक पांच लोकसभाओं को लेकर रणनीति बनाने का काम किया है।

### इन लोकसभा की बैठकें

शनिवार को शिव प्रकाश ने दो चरणों में कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा की सीटों को लेकर कलस्टर प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजकों, सह संयोजकों के साथ बैठक करके उनके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली और हर लोकसभा के लिए रणनीति भी बनाई कि क्या-क्या करना है। इसके पहले शुक्रवार को सरगुजा लोकसभा को लेकर रणनीति बनाई गई थी। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के अलावा धरमलाल कौशिक, अनुराग सिंहदेव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने की सरप्राइज जांच

## रात आठ बजे प्रमुख चौराहों पर पुलिस अफसरों ने की वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को रात आठ बजे सड़क पर निकलकर वाहनों की अचानक जांच की। पुलिस ने यह जांच एसएसपी के आदेश पर की। जांच में सभी डिविजन के सीएसपी के साथ ट्रैफिक सहित शहर के दो सिटी एएसपी जांच करने फील्ड पर उतरे।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की धरपकड़ करने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के अलावा आउटर के इलाकों में चेक पाइंट लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान ध्यान रखा जा रहा है कि लोग किसी भी तरह के अपने साथ अवैध तथा प्रतिबंधित मादक पदार्थ तो नहीं ले जा रहे हैं। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ ट्रिपल सवारी दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मरीन ड्राइव, रेलवे स्टेशन, अग्रसेन चौक, महादेव घाट, पचपेड़ी नाका, पठारी डीह, चंदनीडीह में जांच की। पुलिस अफसर के अनुसार जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।



# रायपुर लोकसभा के प्रचार की समीक्षा शहर के पार्षदों की पायलट ने ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर लोकसभा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर शहर के पार्षदों की बैठक लेकर उन्हें अब तक प्रचार के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा शहर में कांग्रेस प्रत्याशी को हर वार्ड से लीड दिलाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के माध्यम से हर बूथ तक पहुंचने के निर्देश दिए।

रायपुर लोकसभा शहर से पार्टी को लीड दिलाने के लिए सभी लोगों को जुटने के निर्देश दिए। यहां पर पार्टी के प्रचार की अब तक स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, बूथ पर कांग्रेस नेताओं को तैयार कर अभी से कार्य में लगें। बताया गया है महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के फार्म भराने और अन्य गतिविधियों के बारे में जानाकरी दी। बताया गया उन सभी से लगातार संपर्क किया जा रहा है। कांग्रेस वाररूम के द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार की पूरी जानकारी ली जा रही है। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र के हर बिंदु के हिसाब से जनता से संपर्क कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करने की रण्नीति बनी है।



### ये थे मौजूद

बैठक में महापौर एजाज ढेबर, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, राधेश्याम विभार, आकाश तिवारी, नागभूषण, सहित अन्य पार्षद मौजूद थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, औश्र प्रभारी सचिव श्री जांगिड में बैठक में मौजूद थे।

### पायलट आज बिलासपुर और जांजगीर जाएंगे

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रविवार को बिलासपुर जाएंगे। यहां पर सकरी में 29 को होने वाली राहुल गांधी की सभा की तैयारियों का जायजा लेंगे। वहां से वे जांजगीर चांपा जाएंगे, जहां पर 30 तारीख को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा का जायजा लेंगे।

# फिल्टर प्लांट एनीकट का 10 इंच बढ़ा पानी, तर्रीघाट से भी छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुर्रा एनीकेट के गेट खोलने के बाद फिल्टर प्लांट के नजदीक एनीकेट में पानी 10 इंच बढ़ गया है, वहीं गंगरेल से छोड़ने के बाद तर्रीघाट एनीकेट में रुका पानी भी छोड़ दिया गया है, जो देर शाम तक नहर के रास्ते खारुन नदी में पहुंच गया है। खारुन नदी में पानी पहुंचने के बाद भी पानी समस्या अभी खत्म नहीं हुई है, क्योंकि खारुन के पानी को पीने योग्य बनाने में 2 से 4 दिन और समय लग सकता है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आगामी दो दिन में पानी की समस्या सामान्य हो जाएगी।

फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र ने बताया कि सिंचाई विभाग ने मरम्मत के नाम पर नहर से पानी भेजना अचानक बंद कर दिया था, जिससे दो दिन पहले खारुन नदी का जलस्तर घटने लगा था। इससे शहर में पानी सप्लाई का खतरा बन गया था। इस पर रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने उच्च स्तर पर चर्चा कर धमतरी के चटोड नहर की शाखा नहर को खुलवाया। उन्होंने खारुन नदी में ही काठाडीह और मुर्रा एनीकेट के गेट खुलवाए थे। मुर्रा एनीकेट में पानी संग्रहण की बड़ी क्षमता है। इस एनीकेट के खुल जाने से फिल्टर प्लांट वाले एनीकेट का जलस्तर सुबह 10 इंच तक बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग से सूचना मिली कि तर्रीघाट के एनीकेट को शनिवार को सुबह 8 बजे खोला गया, जिसका पानी देर शाम तक पहुंचने से खारुन नदी का जल स्तर फिर बढ़ गया है। इस नदी से अब पर्याप्त पानी मिलने लगा है, जिसे एनीकेट में संग्रहण किया जाएगा। इसके बाद शहर में पानी की सप्लाई पहले की तरह होगी।



**खबर संक्षेप**

## महापौर विजय देवांगन जांजगीर तथा विधायक ओंकार जैजेपुर में चुनाव प्रचार करेंगे





**धमतरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंदू ने लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी को विधानसभावार जवाबदारी दी है। आदेश में कहा है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर चुनावी प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करें एवं पार्टी की जीत सुनिश्चित करें। आदेश में धमतरी से महापौर विजय देवांगन को जांजगीर चांपा में तथा विधायक ओंकार साहू को जैजेपुर विस में चुनाव प्रचार करने की जिम्मेदारी मिली है।

## बेलौदी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

**मगरलोड।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलौदी में कक्षा नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। शाला के प्राचार्य, वासुदेव ठाकुर, अशोक पटेल ने परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अनुत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को पुनः मेहनत करने पर बल दिया। परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र साहू ने परीक्षाफल घोषित किया। कक्षा नवमी में प्रथम छवेन्द्र पिता खम्हन 91 प्रतिशत, लीलिमा पिता प्यारेलाल 91 प्रतिशत, द्वितीय छत्रपति 90 प्रतिशत रहे। ग्यारहवीं में प्रथम गायत्री पाल पिता भोलाराम साईंस 90.80 प्रतिशत, द्वितीय गीतांजलि पिता तमेश्वर गणित 88 प्रतिशत, तृतीय योगिता पिता प्यारेलाल कला 86.20 प्रतिशत रहे। वाणिज्य संकाय में चार बच्चे थे जिनका भी परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। चारों बच्चे प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के व्याख्यातागण संतोष पालकगण काशीराम साहू, रिपुसूदन साहू, उमेश साहू, हरिचंद साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कुरुद विधानसभा में पड़े 77.75 प्रतिशत वोट को लेकर अपने-अपने दावे

# महासमुंद में भाजपा भारी या कांग्रेस की बारी दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में गुणा-भाग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में महासमुंद संसदीय क्षेत्र का चुनाव भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिसमें कुरुद विधानसभा में इस बार 77.75 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सम्पन्न होने के बाद इस बार इस सीट में फिर से भाजपा भारी पड़ा या बारी कांग्रेस की है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथों से आंकड़ा इकठ्ठा कर जीत-हार के गुणा-भाग में जुट गये।

बता दें कि पिछली बार की ही तरह इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस पार्टी के बीच रहा है। दोनों ही दलों ने इस बार ओबीसी कैंडिडेट को मैदान में उतारा था।




भाजपा के रूपकुमारी चौधरी मोदी की गारंटी व कांग्रेस से ताम्रध्वज साहू ने न्याय पत्र के साथ साहू वोटो को साधने कोई कोर कसर नही छोड़े थे। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियां फीडबैक ले रही हैं। फीडबैक के बाद पता चल पाएगा कि यहां न्याय की गारंटी कारगर हुई है या फिर मोदी की गारंटी पर लोगों ने तीसरी बार भी विश्वास किया है। भाजपा द्वारा चुनावी दृष्टिकोण से कुरुद विधानसभा को चार मंडलों में विभाजित किया गया। जिसके अनुसार इस बार कुरुद मंडल के 76.89 प्रतिशत मतदान, सिर्री मंडल में 76.83 प्रतिशत मतदान, भखारा मंडल के 78.49 प्रतिशत मतदान एवं मेघा मंडल में 79.65 प्रतिशत मतदान हुआ है। उक्त पड़े वोटों के आधार पर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही दलों के अपने-अपने जीत के दावे है। वहीं लोकतंत्र के इस महापर्व में वोटों की आहुति देने वाले मतदाता अभी मौन है बावजूद कार्यकर्ताओं के मेहनत के दम पर दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल जीत हार के गुणा-भाग में जुट गये।

### न्याय की गारंटी कारगर होगी, कांग्रेस जीत रही

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुरुद आशीष शर्मा एवं भखारा के राजू साहू ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों ने लाइन लगकर मतदान किया, यह लोकतंत्र के प्रति देश और छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की आस्था को बताता है। हमारे प्रत्याशी को समाजिक लोगों का भी साथ मिला है। मतदाताओं का रुझान कांग्रेस के प्रति साफ दिखा। भीषण गर्मी में लोग बदलाव करने के लिए घरों से निकल कर वोट डालने आए। महासमुंद में ताम्रध्वज साहू व कांग्रेस पार्टी प्रचंड मतों से जीत रहे हैं।

### साय की विश्वसनीयता व मोदी की गारंटी से भाजपा जीतेगी

भाजपा कुरुद विधानसभा संयोजक भानू चंद्राकर ने कहा है कि भाजपा का फीडबैक है कि प्रदेश में जबसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनी है लोगों ने राहत की सांस ली है। किसानों-महिलाओं के खाते में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 54 हजार करोड़ रुपये पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री साय की विश्वसनीयता लोगों के बीच में है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ईमानदार और निष्ठावान नेतृत्व है। मोदी की गारंटी के चलते कांग्रेस की महासमुंद सीट पर जमानत जब्त होने वाली है।

# मौरीकला के नवीन का अग्निवीर में चयन



■ परिजनों और ग्रामीणों ने सम्मानपूर्वक दी विदाई

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला निवासी नवीन नगारची पिता तोमन नगारची माता उषा बाई नगारची का अग्निवीर के लिए चयन हुआ है। उनकी हाईस्कूल की शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौली में पूर्ण हुई है। वे स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद देश के प्रति प्रेम और रक्षा का जुनून अपने दिल में रखते हुए और दृढ़ इच्छा शक्ति से ही उन्होंने अग्निवीर बनने में सफलता हासिल की है। उनके चयन पश्चात रविवार को उन्हें विदाई दिया गया जिसमें कि समस्त परिजनों, ग्रामीणों ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। नवीन ने बताया कि उन्हें परिवार का हमेशा से ही सहयोग मिला है और उनके गांव के पीटीआई कृष्णा निषाद, सीआरपीएफ पुष्पसेन निषाद के मार्गदर्शन में और अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से यह सफलता मिली है। जिससे पूरे गांव में हर्ष व्याप्त है। नवीन ट्रेनिंग के लिए 28 अप्रैल को जबलपुर के लिए रवाना हुए। जिसमें दीपक नगारची, चोवा नगारची गांव के सरपंच खुशबू चेमन यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट कर हार पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। उन्हे विदाई देने मौके पर दुलेंद्र उपसरपंच, थानेश्वर शिक्षक, सुरेंद्र शिक्षक, खम्हन लाल, हीरालाल, पंकज निषाद, भोज निषाद, पुनेंद्, नागेश, अमित, नरेश, विकास यादव, धरम, शत्रुहन, कोमल, सरोज, खिलावन साहू, परमेश्वर, धमेश, राधेश्याम, सतीश, भीषम, राकेश, लाकेश, भागीरथी सहित अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कोलियारी, खंरेगा, दोनर सड़क निर्माण का संघर्ष समिति ने लिया जायजा

■ गुणवत्ता से समझौता एवं कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : दयाराम साहू

■ सड़क निर्माण में गड़बड़ी करने वाले लोगों को नहीं जायगा बक्शा : हिरेंद्र साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोलियरी, खंरेगा, दोनर, जोरातराई मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और वह अब धीरे-धीरे प्रगति की ओर बढ़ रहा है। प्रारंभिक चरण में सड़क के आजू-बाजू की सफाई के साथ ही साथ बरसाती पानी की निकासी हेतु आर सी ह्यूम पाइप लगाने का कार्य तीव्र गति से जारी है। सड़क निर्माण हेतु एक लंबे समय तक संघर्ष करने वाले संघर्ष समिति के सदस्य उक्त कार्य हेतु पूरी तरह से अपना सहयोग संबंधित एजेंसी को दे रहे हैं तथा निरंतर गुणवत्ता के संबंध में समुचित कार्य करने की बात की जा रही है। संघर्ष समिति के मुखिया दयाराम साहू द्वारा कहा गया है कि क्षेत्र की आम जनता की भावनाओं के अनुरूप सड़क का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूरे मापदंड में किया जाए। क्योंकि इस कार्य में हजारों लोगों की शारीरिक मानसिक आर्थिक योगदान जुड़ा हुआ है। साथ ही अनेक लोगों की जान भी चली गई है। हम लोग भी आने वाली पीढ़ी को कोई समस्या ना हो इसलिए सड़क निर्माण के संबंध में किसी प्रकार की समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

वहीं हिरेंद्र साहू द्वारा कहा गया है कि सड़क निर्माण क्षेत्र के भविष्य को संवारने वाला एक ठोस कदम है इसलिए इस कार्य में लापरवाही न बरतते हुए सुविधाजनक अच्छी सेवा क्षेत्र वासियों को प्राप्त हो जाए इसके लिए सड़क निर्माण संघर्ष समिति हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है। निरीक्षण में यह देखा गया है कि कल जो काम बिना बेस किये किया था शिकायत करने पर उसे आज आधे में बेस कर पाट दिया गया, लापरवाही और गुणवता हिन कार्य साफ दिख रहा है, जिसकी जाँच करायी जावेगी।

सड़क निर्माण का जायजा लेने वालों में हीरेन्द्र साहू खरेंगा, गौतम साहू परसुली, हेमंत चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर दोनर, निरंजन साहू दर्री, भगवती विश्वकर्मा खरेंगा, गजेन्द्र साहू कलारतराई, तामेश्वर साहू खरेंगा, कांशी राम, शेखन साहू उपसरपंच, प्रेमू चंद्रवंशी, बोधन साहू परसुली, हेमलाल, प्रिंस प्रदीप, खेमलाल बन्दे, राकेश ध्रुव, मनहरण चक्रधारी, तेजराम चक्रधारी, तुलेश्वर आदि शामिल रहे।

# ब्राम्हण समाज की हुई बैठक



■ ब्राम्हण समाज हित में लिए गए विभिन्न निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी ब्राह्मण समाज, जिला धमतरी की एक आवश्यक बैठक रिसाई माता मंदिर प्रांगण में 28 अप्रैल को दोपहर 11 बजे आयोजित की गयी, जिसमें धमतरी जिले के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ तहसील, नगर पंचायत के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सदस्यता अभियान को दो माह के भीतर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

साथ ही ब्राह्मण समाज धमतरी के जिला कार्यकारणी का चुनाव दिसंबर 2024 के पूर्व करने का निर्णय लिया गया। उक्त दोनों कार्य को संपन्न करने के लिए एक तदर्थ कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष के रूप में राधेश्याम मिश्रा, उपाध्यक्ष हेतु पी.व्ही. पराड़कर, विनोद कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष नरेंद्र श्रोती, महासचिव भूपेंद्र मिश्रा के अलावा समिति में समाज के पांच अन्य सदस्यों को भी शामिल करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से अनंत दीक्षित, राधेश्याम मिश्रा, होमन प्रसाद शास्त्री, जानकी प्रसाद शर्मा, विनोद कुमार पांडेय, जगदीश्वर शर्मा, यशवंत शुक्ला, डॉ प्रदीप शर्मा, झन्नालाल शर्मा, अतुल तिवारी, रामावतार शर्मा, राकेश शर्मा, जितेंद्र कुमार पांडेय, विनोद शर्मा, मदन लाल शर्मा, एमडी शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, संतोष दीवान एवं अशोक कुमार पांडेय(शास्त्री) प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# चुनाव में लगे कर्मचारियों ने मतदान केंद्र की व्यवस्था को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन ने कहा कि जिला प्रशासन के बेहतर नेतृत्व के कारण भीषण गर्मी में भी मतदान का प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव से ज्यादा रहा। जिला कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों के लिए आवासीय व्यवस्था एवं भोजन व्यवस्था किया गया था।इसके पूर्व चुनावों के दौरान कर्मचारियों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता था उन सभी समस्यायों को जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष समय समय पर रखा था। जिसमें सबसे अहम समस्या चुनाव के दिन चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था थी। भोजन व्यवस्था हेतु कर्मचारियों और अधिकारियों को काफी जद्दोजहद करना पड़ता था। दूरस्थ एवम वनांचल क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में भूखे पेट रहकर मतदान कार्य सम्पन्न कराते थे। इस समस्या पर संवेदनापूर्वक संज्ञान लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने निशुल्क भोजन व्यवस्था ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से कराने का आदेश जारी किया था। ग्राम पंचायत सचिवों ने सभी बूथ में बेहतर भोजन व्यवस्था के साथ साथ सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया। पुलिस प्रशासन, जिला रेडक्रॉस, स्काउट, लोकसभा निर्वाचन जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े सभी कर्मचारियों, मीडियाकर्मियों की बदौलत जिले का मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा निर्वाचन के मुकाबले ज्यादा रहा। जिला प्रशासन को सफलता एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने हेतु मतदान में लगे सभी कर्मचारियों की ओर से आभार प्रकट किया है।

**पशु चिकित्सा विभाग ने वर्ल्ड वेटरिनरी डे मनाया**

# पशु प्रेमियों को जानवरों में होने वाली बीमारियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आज 28 अप्रैल को वर्ल्ड वेटरिनरी डे छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के होटल नानक शाह में मनाया गया। इस कार्यक्रम में जिले के अलावा रायपुर से भी अधिकारी कर्मचारी इस शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा कृष्ण के तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अप्रैल माह के आखिरी शनिवार को वर्ल्ड वेटरिनरी डे मनाया जाता है। वहीं इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य पशु स्वास्थ्य की देखभाल और पशु क्रूरता को रोकने के लिए पूरे देश भर में जागरूकता फैलाना है। वहीं इस कार्यक्रम में जानवरों में होने वाले बीमारियों से संबंधित जानकारियां भी दी गई और पशु प्रेमियों को टीकाकरण समय पर करने और पशु के स्वास्थ्य पालन पोषण से संबंधित जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम स्थल में सभी मौजूद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया जिसमें शुगर बीपी ब्लड डोनेट भी किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी कर्मचारी और गौ सेवकों और पशु प्रेमियों का प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा ए के टोण्डर सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय धमतरी थे। वहीं डा मनमोहन वैष्णव एम डी मेडिसिन विशिष्ट अतिथि थे। डा एम एस बघेल उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं जिला धमतरी ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा टीआर वर्मा अतिरिक्त उपसंचालक पशुचिकत्सा सेवाएं जिला धमतरी, डा अमित नागेश अध्यक्ष छग राजपत्रित पशुचिकित्सा अधिकारी संघ जिला इकाई धमतरी, डा. मयंक पटेल उपाध्यक्ष छग राजपत्रित पशुचिकित्सा अधिकारी संघ जिला इकाई धमतरी, डा सुरेंद्र कुमार कुर्रे वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी धमतरी, डा प्रह्लाद लाउत्रे अतिरिक्त उपसंचालक नगरी, डॉ. टीएल साहू वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कुरूद, डा. गामिनी दादर वीएएस कुरूद, डा. सीमा कृपलानी वीएएसडी आई लैब धमतरी, डा दीपक नाग वी ए एस बेलरगांव, डा लेखराम कंवर वीएएस मगरलोड, डा प्रमोद ठाकुर वीएएस सिंगपुर, डा भुजेंद्र सोनी वीएएस मगरलोड, डा आराधना यादव वी ए एस मरौद, डा जीपी सूर्यवंशी वी ए एस कार्यालय उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं, डा स्मृति श्रवण वीएएस कार्यालय उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं, डा रितु दास वी ए एस केरेगांव, एनआर टंडन अध्यक्ष, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ धमतरी उपस्थित थे। साथ ही जिला धमतरी की विभिन्न पशुचिकित्सा संस्थाओं में कार्यरत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गण, जिला धमतरी के चारों विकासखंडों में संचालित मोबाइल पशुचिकित्सा इकाई में कार्यरत पशुचिकित्सक एवं पैरावट, गौसेवकगण नीरज पांडेय एवं पुष्पेंद्र वाजपेई, पशुऔषधि निर्माता कंपनी इंटास एवं वेटोक्विनोल के प्रतिनिधि पशु औषधि विक्रेता फर्म राज मेडिकल एवं हरी मेडिकल धमतरी के संचालक मौजूद थे।

# 80 वर्षीय गणेशिया ने डाला वोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैसमुंडी के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 06 निवासी 80 वर्षीय गणेशिया बाई साहू लोकतंत्र के महापर्व पर अपना वोट डालकर दूसरों को भी वोट डालने की प्रेरित किया।

### असफल विद्यार्थी दोगुनी मेहनत से तैयारी करें

# माँ दन्तेश्वरी हाईस्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



माँ दन्तेश्वरी हाईस्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल रत्नाबांधा, धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम शिक्षकों, अभिभावकों व छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में घोषित किया गया। जिसमें अंग्रेजी माध्यम में केजी 1 से प्रथम कु. अंकाक्षा साहू 89 प्रतिशत, हिन्दी माध्यम में कक्षा केजी 1 से प्रथम युवराज साहू 78 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी मीनपाल 76 प्रतिशत, तृतीय लेखराज महिलांग, केजी 2 से प्रथम कु.प्रिशा मेश्राम 94 प्रतिशत, द्वितीय रियोना निषाद 90 प्रतिशत, तृतीय खुमांशु मरकाम 89 प्रतिशत, पहली से प्रथम कु.झरना देवांगन 88 प्रतिशत, द्वितीय यादिती साहू 85 प्रतिशत, तृतीय अमृता बंजारे 83 प्रतिशत, दूसरी से प्रथम कु.करूणा देवांगन, द्वितीय सेजल देवांगन 87 प्रतिशत, तृतीय चन्द्रप्रकाश सतनामी 80 प्रतिशत, तीसरी से प्रथम साकेत देवांगन 92 प्रतिशत, द्वितीय कु. तेजेश्वनी नाग 89 प्रतिशत, तृतीय कपिल देवांगन 84 प्रतिशत, चौथी से प्रथम कु. कुमकुम ध्रुव 91.5 प्रतिशत, द्वितीय हर्ष कुमार सेन 91 प्रतिशत, तृतीय देवेश साहू 90 प्रतिशत, पाँचवीं से प्रथम कु. पीहू देवांगन 97 प्रतिशत, द्वितीय वोनिश सेन 96 प्रतिशत, तृतीय प्रवीण ध्रुव 86 प्रतिशत, छठवीं से प्रथम कु. धनिष्ठा मीनपाल 96 प्रतिशत, द्वितीय कावेरी हल्बा, तृतीय केतन तिवारी 88 प्रतिशत, सातवीं से प्रथम यशस्वी साहू 94 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी साहू 92 प्रतिशत, तृतीय साक्षी देवांगन 85 प्रतिशत, आठवीं से प्रथम कु. जागृति देवांगन 95 प्रतिशत, द्वितीय दिप्ती देवांगन 93 प्रतिशत, तृतीय रोहिणी वर्मा 91 प्रतिशत, नवमीं से प्रथम कु. गायत्री गुप्ता 94.33 प्रतिशत, द्वितीय चाँदनी मिक्षा 92.16 प्रतिशत, तृतीय आरती साहू 85.5 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा पास की।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने कहा कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नही है केवल एक वर्ष की परीक्षा मात्र है। अतः ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश सफल नही हुए है वे बिल्कुल निराश न हो। वे ये खोजे कि उन्होने मेहनत करने में कहां चूक की। ऐसे विद्यार्थी आगे परिश्रम करे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। साथ ही सभी सफल छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ से लीला साहू, भारती शांडिल्य, शिवांगी शर्मा, पिंकी साहू, मोहन साहू, लिखनदास, नुरेन्द्र साहू, शिफाली सिंह, मोनिका ध्रुव, रोशनी देवदास, वीणा साहू, भूखिन ध्रुव सहित अभिभावक एवं बच्चो की उपस्थिति रही।

# गर्मी के साथ बिजली उपकरणों पर बढ़ा लोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अप्रैल की गर्मी ने हालत खराब कर दी है। गर्मी से बचने के लिए दिन रात एसी, कूलर और पंखे चल रहे हैं। इससे बिजली की खपत भी बढ़ गई है। विद्युत सप्लाई के उपकरण भी जवाब देने लगे हैं। कटआॅउट डीओ उड़ने सहित विभिन्न समस्याएं रोज सामने आ रही है। जिले की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, इसके साथ बिजली की खपत पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। एक जानकारी के अनुसार पिछले पांच साल में बिजली की सालाना खपत 700 मिलीयन यूनिट से बढ़कर करीब 11 हजार मिलीयन यूनिट हो गई है। इस हिसाब से बिजली की व्यवस्था में परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट पैदा हो गया है। गर्मी में यह समस्या कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। गर्मी से बचने के लिए घरों में एसी, कूलर, पंखा सहित अन्य उपकरण दिन-रात चलने लगे हैं। वहीं बच्चों की गर्मी की छुट्टी भी शुरू हो गई है, जिसके चलते टेलीविजन भी दिन भर चल रहे हैं। इन सब कारणों से बिजली की खपत करीब औसत से करीब 30 प्रतिशत बढ़ गई है। इससे विद्युत सप्लाई के लिए लगे उपकरणों पर लोड भी बढ़ गया है। गर्म होकर ये उपकरण खराब होने लगे हैं। ग्राम शहर के लगभग सभी वार्डों में रोज बिजली गुल होने की समस्या है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### आलोक ने किया मतदान

**महासमुंद**। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक चंद्राकर ने अपने गृह ग्राम सिरगिड़ी जामली में मतदान किया।

### तीसरा स्थापना दिवस पर विशेष पूजा अर्चना



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में ओंकारेश्वर महादेव मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भगवान ओंकारेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना की गई। जिसमें महाराज संतोष, संतोष चंद्राकर, मालती चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, अनिता चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, राजू चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर, अर्चना चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं छत्तीसगढ़ मानस मंडली द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई।

### रविवि ने घोषित किए बीएससी होमसाइंस के नतीजे

**रायपुर**। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने बीएससी होम साइंस पार्ट-3 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में कुल 55 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 42 उत्तीर्ण घोषित किए गए। 11 परीक्षार्थियों को पूरक प्राप्त हुआ और 2 फेल हो गए। परीक्षा परिणाम 76.36 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 31 लोगों ने परीक्षा उत्तीर्ण की और 11 द्वितीय श्रेणी से पास हुए। रविवि ने परीक्षार्थियों को पंद्रह दिवस के भीतर पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दी है।

### एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों ने मंत्री बृजमोहन से की मुलाकात

**रायपुर**। एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी छात्र संगठन ने छत्तीसगढ़ी भाषा के विभिन्न मांगों को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनके निवास में शनिवार को मुलाकात की। इस मौके पर एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया कि मंत्री से छत्तीसगढ़ी भाषा के विभिन्न संदर्भ में मुलाकात की गई, जिसमें भर्ती प्रकिया में छत्तीसगढ़ी का अलग सेटअप तैयार कर एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों को विशुद्ध रूप से लेने, कृषि, संगीत, तबला, कंप्यूटर टीचर की तरह ही डीएड, बीएड, टीईटी में शिथिलता प्रदान करने के अलावा सांसद बन जाने के बाद छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल इन सभी बातों को मंत्री के समक्ष रखा गया। सभी मांगों पर मंत्री ने निराकरण करने का संगठन को आश्वस्त दिया। मुलाकात करने वालों में विनय बघेल, जिनेंद्र यादव, पूजा परघनिया, राहुल ध्रुव, जितेंद्र महोबिया, अंकित देवांगन आदि मौजूद थे।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महासमुंद की जनता ने अपना निर्णय ईवीएम में किया दर्ज

- जनता-जनार्दन ने विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में किया स्वस्फूर्त मतदान
- भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव चौधरी ने शांतिपूर्ण मतदान और अथक परिश्रम कर चुनाव प्रचार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार भी माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी की महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मतदान के दूसरे चरण में शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। चौधरी ने कहा कि भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव चौधरी ने दूसरे चरण में महासमुंद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान और भाजपा के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही अनथक परिश्रम कर भाजपा के पूरे चुनाव प्रचार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान कराने के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### कोविड के बाद की चुनौतियों का सामना करेगा एम्स का बीएसएल-3 लैब

**रायपुर**। कोविड के बाद पैदा होने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए एम्स अपने आरडी लैब को बीएसएल-3 में अपग्रेड कर रहा है। नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग की मदद से अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट, बायोटेक्नोलॉजिस्ट और मॉलीक्यूलर बायोलॉजिस्ट को नई चुनौतियों से निपटने तैयार करने के लिए एम्स में 'नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी। शनिवार को समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि अपग्रेड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वीआरडी लैब अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं से लैस हो जाएगा।

# 18 लाख पीएम आवास दिए होते तो ठगी का शिकार नहीं होती महिलाएं : रश्मि



**महासमुंद**। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार अगर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास दिए होते तो महासमुंद विधानसभा की महिलाएं ठगी का शिकार नहीं होते। भाजपा के प्रधानमंत्री आवास केवल विज्ञापनों और बड़े-बड़े होर्डिंग में ही दिखाई दे रहा है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि राज्य में काबिज भाजपा सरकार द्वारा 18 लाख पीएम आवास दिए जाने के दावे को झूठी वाहवाही लेने का हथकंडा बताया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश में 18 लाख बेघर गरीबों को आवास दिलाने केंद्र सरकार से स्वीकृति नहीं मिली है। वहीं 18 लाख पीएम आवास के लिए बजट में प्रावधानित राशि 3788 करोड़ से इसका निर्माण नहीं हो सका है। भाजपा सरकार महज वाहवाही लूटने और हवा हवाई दावा कर रही है। भाजपा सरकार द्वारा 18 लाख गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास देने का दावा करते हुए प्रचार प्रसार कर रही है, जो फर्जी के साथ ही बेबुनियाद है। डॉ रश्मि ने सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में पीएम आवास के लिए सिर्फ 3799 करोड़ का प्रावधान किया है। इतनी राशि में 18 लाख आवास कैसे बनेगा? यह समझ से परे हैं। भाजपा सरकार सिर्फ अपने दावे का प्रचार कर रही है। भाजपा सरकार द्वारा सिर्फ 18 लाख पीएम आवास को लेकर फ्लैक्स और प्रचार प्रसार में अनाप-शनाप राशि खर्च की जा रही है। अभी तक केंद्र सरकार से पीएम आवास के लिए स्वीकृति भी नहीं मिली है। बजट में राशि का प्रावधान तो कर दिया गया है, लेकिन केंद्र सरकार से 60 प्रतिशत की राशि मंजूर नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं में लक्ष्य तय करने का अधिकार राज्य को नहीं होता है। बावजूद इसके पीएम आवास को लेकर किए जा रहे दावे को लेकर भाजपाइयों को महासमुंद जिले में हुए ठगी के शिकार महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से अब तक एक दस्तखत नहीं हो पाया है। जबकि महत्वपूर्ण वादे किए गए थे। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सच्चाई यह है कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के आवास को रोकने का काम किया है।

# लोकसभा निर्वाचन मतदान सफलतापूर्वक हुआ : कलेक्टर

## जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने सभी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कलेक्टर मलिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाइड, एनएसएस के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है।

कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया है। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर मलिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को बखूबी निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला। मीडिया से जुड़े साथियों ने निर्वाचन एवं मतदाता जागरुकता संबंधी समाचारों को आम जनता तक पहुंचाने में मदद की। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों का जिनका सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रहा है तथा नगरीय, पंचायत, सामाजिक और स्वयं सेवी संस्थाएं एवं समूह जिन्होंने निर्वाचन कार्य के मतदान की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग किया है और अपनी सहभागिता निभाई है, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### पक्की सड़क की मांग कर रहे कस्तूराबहाल के ग्रामीणों से मिले लोस प्रत्याशी अग्रवाल





**सरायपाली**। सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत मल्दामाल के आश्रित ग्राम कस्तूराबहाल के ग्रामीण पक्की सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया था। ग्रामीणों की समस्या का सुध लेने निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल ग्रामीणों के बीच पहुंचे और कहा कि आचार संहिता के बाद अगर शासन-प्रशासन सड़क नहीं बनवाई तो मैं सड़क बनाऊंगा। ज्ञात हो कि समाज सेवी मुकेश अग्रवाल पिछले 02 दशक से आमजन के बीच रहते हुए सामाजिक कार्यों में बढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और तन-मन-धन से सभी की मदद करते आ रहे है। ज्ञात हो कि 26 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव का ग्राम कस्तूराबहल के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी कि 77 सालों में कस्तूराबहाल के बाजार पड़ाव से बांजीबहाल तक पक्की सड़क निर्माण नहीं कराया गया है जो कि मांग पूरी नहीं हुई इसलिए वोट नहीं डाले। यहां पर कुल मतदाता 06 सौ के लगभग हैं।

# दूसरे चरण में 76.24 प्रतिशत मतदान, राजनांदगांव में सबसे अधिक वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्य की तुलना में अधिक मतदान दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी के बावजूद मैदानी क्षेत्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का खुलकर प्रयोग किया चुनाव आयोग द्वारा अभी तक जारी आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव में 76.24 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में 74.95 प्रतिशत मतदान हुआ था। आंकड़ों की बात करें तो इस बार 1.3 प्रतिशत मतदान ज़्यादा हुआ है। कांकेर लोकसभा में 76.46 प्रतिशत महासमुंद 75.03 प्रतिशत और राजनांदगांव में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केंद्रों से ईवीएम के जमा होने के बाद अपडेट किए गए आंकड़े जारी किए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में से भी लोकसभा में 1 से 1.5 प्रतिशत तक अधिक मतदान हुआ है। राजनांदगांव लोकसभा में पिछले साल 76.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहां इस बार के लोकसभा चुनाव में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां के डोंगरगांव विधानसभा में सबसे अधिक 82 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

## पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले 1.3 प्रतिशत अधिक मतदान



### कांकेर में भी अधिक मतदान

महासमुंद लोकसभा सीट में पिछले लोकसभा चुनाव में 74.51 प्रतिशत मतदान हुआ था, यह इस बार बढ़कर 75.03 प्रतिशत हो गया। यहां पर बिंद्रानवागढ़ में 81 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं कांकेर लोकसभा में भी इस बार अधिक मतदान देखने को मिला है। यहां पर 2019 के चुनाव में 74.27 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो इस साल बढ़कर 76.46 प्रतिशत हो गया है। जो यहां पर अब तक का अधिक मतदान है। यहां के सिहावा विधानसभा में 79.93 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# कांग्रेस का घोषणापत्र हर भारतीय के लिए सामाजिक असमानता दूर करने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रोफेशलन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने कहा, कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने के बाद यह सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गया है। घोषणापत्र में किया गया हर बिंदु देश के हर नागरिक के लिए है। उन्होंने कहा, सामाजिक असमानता दूर करने के लिए कई योजनाओं का जिक्र किया गया है।

कांग्रेस का घोषणा किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं है। समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए इसे पांच माह में विभिन्न संस्थानों और पूरे देश का दौरा करने के बाद तैयार किया गया है। कांग्रेस का घोषणापत्र आने के बाद जितनी चर्चा इसकी हुई, उतनी भाजपा के घोषणापत्र की नहीं हुई। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपए सालाना देने की घोषणा के लिए पूरी तरह से प्लानिंग करने के बाद की गई है। उन्होंने कहा, योजना में लगने वाले 5000 लाख करोड़ के बजट का अनुमान है। उन्होंने कहा, बड़े उद्योगपतियों की कर्ज की माफी करीब 16 लाख करोड़ से अधिक की जाती है। उससे कम पैसे में गरीब महिलाओं को लगभग साढ़े 8 हजार महीना दिए जाने का प्रावधान है। गरीबों को इंटर्नशिप के जरिए रोजगार से जोड़ने का काम होगा। उन्होंने कहा, सामजिक असमानता दूर करने का प्रयास कांग्रेस के घोषणापत्र के माध्यम से किया जाएगा। 48 पेज के घोषणापत्र में 10 चेप्टर हैं, जो पूरी तरह से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का ही है।

### किसी वर्ग विशेष का नाम नहीं

भाजपा के द्वारा मुस्लिम वर्ग के लिए घोषणापत्र तैयार किए जाने के सवाल पर कहा, पूरे घोषणापत्र में हिंदू-मुस्लिम शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। भाजपा कांग्रेस पर बिना किसी आधार के आरोप लगा रही है। उन वर्गों को जो गरीबी रेखा के नीचे हैं, उनकी गणना करा कर उन्हें आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई है। संविधान के तहत तय प्रावधान सभी को मिले इस प्रयास किया गया है।

# डॉ विजय को मिला नवरत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोमाखान



राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित एक दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विशिष्ट अतिथि पुरंदर मिश्रा द्वारा सामाजिक सेवा के उत्कृष्ट योगदान पर प्रदेश के 9 विभूतियों डॉ हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि, डॉ. चितरंजन कर भाषाविद, कोसल किशोर प्रधान संपादक, डा दिनेश मिश्र विशेषज्ञ, अंध उन्मूलन संस्था अध्यक्ष, डॉ विजय शर्मा, डा विश्वनाथ पाणिग्रही पर्यावरण विद, हितेंद्र तिवारी रायपुर अधिवक्ता संघ, प्रो श्रीमती पांडेय, बाल कलाकार अमूल्य निधि मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी राजनांदगांव को नवरत्न ब्रह्म सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासमुंद जिले में समाज के लिए समर्पित भाव से कोमाखान इकाई में निरंतर 30 वर्षो से सचिव रहते हुए सामाजिक समरसता, समाज को जोड़ने एवं 28 वर्षों में 1001 बटुकों का उपनयन संस्कार, शिक्षा के लिए नवाचारी योगदान, सामाज के आर्थिक सामाजिक परिपेक्ष में शोध परख कार्य के साथ अधोसंरचना के माध्यम से समाज को सशक्त करने के साथ इतिहास एवं संस्कृति लेखन के माध्यम से महासमुंद जिले के इतिहास संस्कृति को समृद्ध करने में योगदान है। वे शिक्षण के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सर्व ब्रह्मण समाज द्वारा नवरत्न ब्रह्म सम्मान से सम्मानित किए जाने पर समाज गौरवान्वित हुआ।

# किरण देव बोले- कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों के पीछे असंतुलित मनोदशा



**रायपुर**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की ताजा टिप्पणी को कांग्रेसियों की असंतुलित मनोदशा, हताशा और कांग्रेस से टिकट कट जाने से उपजी कुंठा का राजनीतिक प्रलाप बताया है। उनका कहना है, प्रधानमंत्री की मानसिक स्थिति को खराब बताने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दरअसल कांग्रेस के तमाम लोगों की मनोदशा को रेखांकित कर रहे हैं, जिसके नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत अपने ही प्रत्याशियों को लठैत बताकर प्रधानमंत्री श्री मोदी का सिर फोड़ने की बात करते हैं, तो कभी कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा कवासी जीतेगा, मोदी मरेगा कहकर अपने राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करते हैं। श्री देव ने कहा, कांग्रेस ने सनातन संस्कृति, हिन्दुत्व और भगवान राम के प्रति अपनी घृणा का हर कदम पर प्रदर्शन किया है, जिस कांग्रेस ने राममंदिर निर्माण में हर बार रोड़े अटकाकर इस मसले को भटकाने व लटकाने काम किया।













